>

Title: Need to launch awareness programme about malnutrition among tribal people in the country-laid.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): उदयपुर लोक सभा एक टीएसपी क्षेत्र है, जहां भारी संख्या में आदिवासी समुदाय है । मैं खुद एक आदिवासी समाज से आता हूं । आज कुपोषण के कारण मरने वाले पांच साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या दस लाख से भी ज्यादा हो चुकी है । राजस्थान और मध्य प्रदेश में किये गये सर्वेक्षणों में पाया गया है कि देश के सबसे गरीब इलाकों में आज भी बच्चे भुखमरी के कारण अपनी जान गवां रहे हैं । कारण, समुदाय के लोगों में जागरूकता की कमी है । भारत सरकार द्वारा जनहित में कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही हैं, परन्तु प्रदेश सरकार द्वारा लागू नहीं की जा रही है ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनजाति कार्य मंत्रालय को साथ लेकर आदिवासी समाज के लोगों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा एक विशेष कुपोषण मुक्त जागरूकता अभियान चलाया जाये ।